प्रादेशिक समाचार
09.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र में बदलने में भारतीय प्रवासियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया है। ओडिशा के भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्‌घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास में और भारत की विकास गाथा में प्रवासी भारतीयों के योगदान की सराहना की। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत हर मोर्चे पर तेज गति से प्रगति कर रहा है।

*******************

कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी आज से झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस क्रम में श्री रेड्‌डी ने रांची सीसीएल में सिक्यूरिटी ट्रेनिंग सेंटर का उदघाटन किया। वे आज ही गांधी नगर कॉलोनी में मल्टी स्टोरी आवासीय परिसर के निर्माण कार्य का शिलान्यास करेंगे और सीसीएल और सीएमपीडीआई के कार्यों की भी समीक्षा करेंगे। कोयला मंत्री मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के साथ बैठक भी करेंगे। बैठक में राज्य सरकार और कोल कंपनियों के जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। राज्य सरकार बकाये के संबंध में अपने दावे के साथ जमीन संबंधी मांग भी रख सकती है। इसके अलावा श्री रेड्‌डी कांके में सीसीएल के प्रस्तावित 200 बेड के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल की भी नींव रखेंगे।

*******************

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास कल फिर से भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। उनकी सदस्यता समारोह के लिए रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में खास तैयारी की जा रही है। समारोह में पार्टी के कई बड़े नेता मौजूद रहेंगे। इस बीच श्री दास ने आज राजभवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। मौके पर उन्होंने राज्यपाल को नव वर्ष की शुभकामनायें दी। वहीं रांची के एक निजी अस्पताल में इलाजरत लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता कड़िया मुंडा से भी मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

*******************

देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में ऑनलाइन पूजा के नाम पर श्रद्धालुओं से करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। इस बीच जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने ठगी करने वाली वेबसाइट के संचालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा है।

*******************

भागलपुर–हंसडीहा फोरलेन की निविदा अगले महीने खुलेगी और अप्रैल से काम शुरू होगा। यह फोरलेन सड़क 1700 करोड़ रूप्ये की लागत से भलजोर से हंसडीहा तक और हंसडीहा से देवघर चौपा मोड़ तक बनेगा। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे ने बताया कि इस सड़क के निर्माण पूरा होने से श्रद्धालु चंपापुरी, विक्रमशिला विश्वविद्यालय और मंदार पर्वत का भ्रमण कर सकेंगे।

*******************

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्‌देश्य से बोकारो जिले में नो हेलमेट नो पेट्रोल अभियान चलाया जा रहा है।

*******************

जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की आर्चरी ग्राउंड में आज जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल ने डॉग शो का उदघाटन किया। कैनेल क्लब ऑफ इंडिया और एफसीआई की ओर से आयोजित इस डॉग शो में 470 डॉग हिस्सा ले रहे हैं। मौके पर उपायुक्त ने लोगों को स्ट्रीट डॉग के प्रति भी संवेदनशीलता दिखाने का संदेश दिया।